
हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 2 सितंबर 2026

04 जो प्राप्त है वही पर्याप्त, इस सूत्र को सुखी जीवन...



07 70वीं संभागीय टेबिल टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

बरखेड़ा हाट विद्युत वितरण केंद्र से जुड़े गांवों में बिजली कटौती



आरोन। बरखेड़ा हाट विद्युत वितरण केंद्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं होने का मुद्दा अब प्रशासन तक पहुंच गया है। ब्लॉक कांग्रेस गुना ग्रामीण की ओर से अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) आरोन को ज्ञापन सौंपकर विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि बरखेड़ा हाट विद्युत वितरण केंद्र से जुड़े कई गांवों में पिछले कई महीनों से बिजली आपूर्ति प्रभावित है। विशेष रूप से फतेहपुर, महुआझारी की बंजारा बस्ती एवं भील बस्ती सहित प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त एवं नियमित बिजली नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। ज्ञापन के अनुसार कई जगह महज करीब दो घंटे बिजली उपलब्ध हो पा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि बिजली की अनियमितता का असर ग्रामीणों के दैनिक जीवन के साथ-साथ किसानों की सिंचाई और अन्य जरूरी कामों पर भी पड़ रहा है। ज्ञापन में बारखेड़ा हाट में स्थापित चार डीपी की तकनीकी जांच कराने और आवश्यकता के अनुसार उन्हें शीघ्र चालू कराने की मांग की गई है।इसके अलावा क्षेत्र में खराब एवं जले हुए ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने, बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान करने तथा विद्युत वितरण व्यवस्था की निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई।

कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर कन्याल ने मंगलवार को जनसुनवाई कक्ष में कार्यालय जिला शहरी विकास अभिकरण के कम्प्यूटर ऑपरेटर दामोदर व्यास, भू-अभिलेख कार्यालय के भृत्य महेन्द्र अहिरवार तथा कलेक्टर कार्यालय गुना के भृत्य राजेन्द्र सिंह कोरी एवं स्टेनो शाख के जमादार सिर बहादुर को शासकीय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया।इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

दो उचित मूल्य दुकानों के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश

गुना। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जनोन्मुखी व उपभोक्ताओं को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार 02 उचित मूल्य दुकानों पीपल्यामोती (चांचौडा) तथा सिरसी (गुना) के विरुद्ध राशन का अपयोजन पाये जाने पर संबंधितों पर पुलिस में प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने का आदेश दिये गये हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान पीपल्यामोती (चांचौड़ा) जिसका संचालन बजरंगबली स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाता है, जिसकी जांच सहायक आपूर्ति अधिकारी, चांचौड़ा द्वारा किए जाने पर 99.44 क्विंटल गेहूं, 22.11 क्विंटल चावल, 585 किलोग्राम नमक, 35 किलोग्राम शक्कर दुकान के स्टॉक में उपलब्ध नहीं पाए जाने अर्थात उक्त सामग्री का अपयोजन करने के कारण प्रकरण बनाया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.), चांचौड़ा द्वारा उक्त दुकान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का प्रस्ताव आने पर कलेक्टर श्री कन्याल ने तत्काल पुलिस में प्राथमिकी करने के निर्देश दिए गए। इस अपयोजित सामग्री की इकॉनामिक 4,13,310 रुपए होती है।

1.12 करोड़ की ठगी में रकम वापस दिलाने की गुहार

पार्षद पति पहुंचे जनसुनवाई में, बोले- मुख्य आरोपी गिरफ्तार, परिवार पर कार्रवाई बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में व्यापारियों से ऊंचे दाम का लालच देकर की गई करोड़ों रुपए की कथित धोखाधड़ी का मामला एक बार फिर जनसुनवाई में पहुंचा। वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद अनीता महेंद्र कुशवाह के पति महेंद्र कुशवाह ने मंगलवार को पुलिस जनसुनवाई में पहुंचकर एसपी को आवेदन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ करीब 1 करोड़ 12 लाख रुपए की ठगी हुई है। मामले में एफआईआर दर्ज होने और मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी पूरी रकम बरामद नहीं हो सकी है। आवेदन में बताया गया कि सुनील शंकर पवार और उसके परिवार के सदस्यों ने



कथित रूप से संयुक्त रूप से यह धोखाधड़ी की। इस मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 0678 दर्ज किया था। मुख्य आरोपी सुनील पवार को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। हालांकि शिकायतकर्ता का आरोप है कि किरण यल्लाप दोतारे, प्रतीक पवार, प्रणव पवार और मनीषा पवार की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों के खिलाफ अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है और न ही पूरी रकम की जब्ती हो सकी है। महेंद्र कुशवाह ने बताया कि व्यापार के लिए उन्होंने बैंक और अन्य माध्यमों से रकम उधार ली थी। अब मूलधन के साथ ब्याज भी चुकाना पड़ रहा है। रकम फंस जाने से परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की संपत्ति और खातों की जांच कर रकम जब्त कराने तथा वापस दिलाने की मांग की है। यह मामला नानाखेड़ी मंडी में सामने आई उस बड़ी धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसमें महाराष्ट्र निवासी सुनील पवार पर मंडी भाव से अधिक कीमत देने का भरोसा दिलाकर कई गल्ला व्यापारियों से माल लेने और बाद में भुगतान नहीं करने के आरोप लगे थे। पूर्व में कैंट पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उस समय करीब 19 लाख रुपए खातों में फ्रीज कराने और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच जारी होने की जानकारी दी थी। अब शिकायतकर्ता ने जनसुनवाई में कहा है कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी उनकी बड़ी रकम अटकी हुई है। उन्होंने एसपी से मामले में शेष आरोपियों की भूमिका की जांच कर जल्द कार्रवाई और रकम की बरामदगी कराने की गुहार लगाई है।

सड़क के लिए तरस रहे आदिवासी

मुहाल कॉलोनी में कीचड़ भरे रास्ते से जाने को मजबूर बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

देश की आजादी के 79 वर्ष बीत जाने के बाद भी बमोरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत मुहाल कॉलोनी अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाराम चक और मथुरा लाल चक में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। गांव में आने-जाने के लिए पक्का आम रास्ता तक नहीं है, जिससे यहां रहने वाले सहरिया और भील आदिवासी समाज के करीब 140 परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण रामा भील, कालू और दिलीप भील ने बताया कि गांव के बच्चों को स्कूल जाने के लिए रोजाना कीचड़ से सराबोर रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं तेजराम सहरिया के अनुसार, गांव में यदि कोई बीमार हो जाए या



महिलाओं की डिलीवरी का समय हो, तो उन्हें चारपाई (खाट) पर लिटाकर 3 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीण रामचरण सहरिया ने आक्रोश जताते हुए कहा कि सडक़ की मांग को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जल्द सडक़ निर्माण कराए जाने की मांग की है।

गाडरवाड़ा दिव्य दरबार का पहुंच मार्ग खस्ताहाल

एक किमी की सड़क के लिए भटक रहे श्रद्धालु व ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दोराना अंतर्गत ग्राम गाडरवाड़ा स्थित प्रसिद्ध दिव्य दरबार ग्राम गाडरवाडा पहुंच मार्ग बदहाल स्थिति में है। मात्र एक किलोमीटर की सड़क खस्ताहाल होने से हर शनिवार और मंगलवार को दरबार में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं सहित गाडरवाडा में निवास कर रहें ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।गाडरवाड़ा में प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को दिव्य दरबार लगता है। जहां गुना, राजगढ़, अशोकनगर जिले सहित राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं।श्रद्धालुओं का कहना है कि मुख्य मार्ग से गाडरवाडा गांव तक का लगभग एक किलोमीटर का रास्ता आज भी कच्चा है। जगह-जगह गहरे गड्ढे और बारिश में कीचड़ जमा होने से दोपहिया व चारपहिया वाहन फंस जाते हैं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को पैदल आवागमन में भी भारी दिक्कत होती है।स्थानीय ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए वे जनपद पंचायत से लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक सभी जगह गुहार लगा चुके हैं। यहां तक कि राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ सहित कई बड़े नेता भी गाडरवाड़ा धाम पहुंचकर माथा टेक चुके हैं और सड़क निर्माण का आश्वासन दे चुके हैं, लेकिन आज तक धरातल पर कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सरकार की मंशा हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने की है, इसके बावजूद आस्था के इतने बड़े केंद्र को हाईवे से जोड़ने वाला महज एक किलोमीटर का मार्ग आज तक पक्का नहीं हो पाना समझ से परे है।श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जन आस्था को देखते हुए इस मार्ग का शीघ्र निर्माण कराया जाए।

पुरानी रंजिश में महिला और उसके पति से मारपीट

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशमौदा में पानी की टंकी के पास देर रात एक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर अपनी चाची व चाचा के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। फरियादिया मुन्नी बाई (55) ने अपने पति पूरन अहिरवार के साथ कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित महिला के अनुसार गत रात करीब 11 बजे वे घर पर सो रहे थे। तभी उनका भतीजा मनोज अहिरवार आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने नुकीली चीज से हमला कर दिया, जिससे महिला के दोनों हाथों की हथेलियों में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। पति ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में पिता की मौत के बाद पुलिस कार्रवाई पर परिवार ने उठाए सवाल

एसपी ऑफिस पहुंच निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र के ग्राम खेजरा रामा में सडक़ हादसे में हुई हजारीलाल की मौत के मामले को लेकर परिजन और ग्रामीण मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी को आवेदन देकर घटना की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के पुत्र निरंजन ने आवेदन में बताया कि 31 अगस्त की रात करीब 8 बजे उनके पिता हजारीलाल गांव के मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के भूरालाल मीना ने तेज और लापरवाही से



मोटरसाइकिल चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते यह टक्कर जानबूझकर मारी गई। हादसे में हजारीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार घटना की सूचना कुंभराज थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्रकरण दर्ज किया, लेकिन इसके बाद प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया कि परिवार को शव समय पर नहीं सौंपा गया और विरोध या किसी से बातचीत न करने के लिए दबाव बनाया गया।

निरंजन ने उप निरीक्षक हुकुमचंद बगैल पर भी पूरी रात थाने में बैठाए रखने और दबावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अंतिम संस्कार को लेकर भी अनावश्यक रोक-टोक की गई। परिजनों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। आरोपी भूरालाल मीना के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कठोर वैधानिक कार्रवाई हो। कुंभराज थाने के संबंधित अधिकारियों, विशेष रूप से उप निरीक्षक के आचरण की विभागीय जांच कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही मृतक का शव विधि अनुसार परिजनों को सौंपने, परिवार पर किसी प्रकार का दबाव न बनाने और पीड़ित परिवार को आवश्यक कानूनी संरक्षण एवं न्याय दिलाने की मांग की गई है।

सोते समय 90 वर्षीय बुजुर्ग को विषैले सर्प ने डसा, इलाज के दौरान मौत

गुना। जिले के म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदौरा में सोमवार रात एक दुखद घटना सामने आई, जहां नींद में सो रहे 90 वर्षीय वृद्ध को विषैले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों के प्रयासों के बाद भी कुछ ही घंटों में उन्होंने दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, भदौरा निवासी लक्ष्मण सिंह कुशवाह (90) रोज की भांति सोमवार रात भोजन के बाद अपने घर के आंगन में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे अचानक पैर में तेज चुभन महसूस होने पर उनकी नींद खुली। जैसे ही उन्होंने देखा, पास में सांप मौजूद था। वृद्ध ने तुरंत परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद घबराए परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल गुना रवाना हुए। अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार शुरू किया गया, लेकिन सर्प का जहर शरीर में तेजी से फैल जाने के कारण वृद्ध की जीवन लीला समाप्त हो गई। डॉक्टरों का मानना है कि सर्प अत्यधिक विषैला था, जिससे मरीज को उबरने का मौका नहीं मिला। मृतक खेती-किसानी पर आश्रित थे और अपने पीछे 6 बेटों व एक बेटी का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

फतेहगढ़ के रोकड़िया बालाजी मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी, मामला दर्ज

गुना। जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध रोकड़िया बालाजी मंदिर से अज्ञात चोर भगवान की मूर्ति से चांदी का मुकुट चोरी कर ले गया। फतेहगढ़ निवासी पुजारी निरोत्तम दास बैरागी (61) के अनुसार गत सुबह करीब साढ़े पांच बजे वे मंदिर के पट खोलकर साफ-सफाई कर रहे थे। सफाई के बाद जैसे ही वे मुख्य गेट के सामने आए, उन्हें काली शर्ट और काला पैंट पहने एक संदिग्ध अज्ञात व्यक्ति मंदिर की सीढ़ियों से उतरकर तेजी से जाता दिखा। पुजारी ने जब गर्भगृह के अंदर देखा तो बालाजी सरकार की मूर्ति पर बंधा चांदी का मुकुट गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर की टक्कर से युवक गंभीर घायल

जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत दूबे पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पैदल जा रहे व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुढैना निवासी फरियादी गनेशराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गत दिवस फरियादी गांव से पैदल आरोन आ रहे थे, तभी लाल रंग के स्वराज ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में गनेशराम के सिर, आंख, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं है।

चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग, जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण

बोलेः गायों का रास्ता बंद, झूठे केस की मिल रही धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के राघौगढ़ तहसील के ग्राम बालाभेंट के ग्रामीण मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन देकर गांव की शासकीय चारागाह भूमि से कथित अतिक्रमण हटाने और गायों के आने-जाने का रास्ता खुलवाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का नंबर 9 के खसरा नंबर 3 और 15/1 सहित शासकीय भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर फसल बो दी है। इससे गांव के पशुओं के चरने और निकलने में परेशानी हो रही है।

आवेदन में ग्रामीणों ने प्रहलाद अहिरवार, विक्रम सिंह राजपूत, मनोज राजपूत, अजय राजपूत, विजय राजपूत, उत्तम धाकड़, ध्रुव धाकड़, करण गुर्जर और रामदयाल केवट पर शासकीय एवं चारागाह भूमि पर अतिक्रमण करने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित लोगों ने भूमि पर मक्का सहित अन्य फसलें बो रखी हैं। कुछ हिस्सों में बाड़बंदी भी कर दी गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब गांव के लोग गायों को चराने या उक्त रास्ते से निकालने



का प्रयास करते हैं तो विवाद की स्थिति बनती है। गाली-गलौज करने, महिलाओं को आगे कर झगड़ा कराने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देने के आरोप भी आवेदन में लगाए गए हैं।

ग्रामीणों ने राजस्व अमले की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि पूर्व में कार्रवाई और हर्जाना लगाए जाने के बावजूद अतिक्रमण दोबारा हो जाता है। आवेदन में धारा 248 के तहत कार्रवाई कर शासकीय भूमि से अतिक्रमण पूरी तरह हटाने, मौके की निष्पक्ष जांच कराने और गायों के लिए रास्ता खुलवाने की मांग की गई है। साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन से हस्तक्षेप की गुहार लगाई गई।

महिला के साथ मारपीट के बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर

इधर जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मीडुपारी दौराना में घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने और शिकायत के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने से परेशान पीड़िता ने मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने एसपी जनसुनवाई में शिकायती आवेदन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

ग्राम मीडुपारी दौराना निवासी पीड़िता दुलारी बाई पत्नी विजय सिंह भील ने बताया कि गत शाम करीब 6 बजे वह अपने घर पर अकेली थीं। इसी दौरान गांव के ही आरोपी मिश्रा भील, भगवत भील, महेंद्र भील और अमर सिंह भील एकराय होकर उनके घर में घुसे और गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगे। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की, जिससे उनके गले, गाल और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि घटना की शिकायत विजयपुर थाने में की गई थी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बजाय सिर्फ शिकायती आवेदन रखकर टाल दिया। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार पीड़िता को धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि आरोपियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए और पीड़ित गरीब महिला को प्रदान किया जाए।

पीजी कॉलेज प्राचार्य और पुस्तकालय, क्रीडा विभाग प्रभारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुस्तकालय एवं क्रीडा विभाग द्वारा डॉ. बृजकिशोर तिवारी प्राचार्य एवं हरवीर सिंह रघुवंशी, सहायक ग्रंथपाल, एवं क्रीडा विभाग प्रभारी का सेवानिवृति के अवसर पर विदाई समारोह पी.जी. कॉलेज के पुस्तकालय विभाग में आयोजित किया गया। डॉ. बी.के.तिवारी एवं हरवीर सिंह रघुवंशी का सभी महाविद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्हं एवं फूलमालाओं से स्वागत किया गया। डॉ. तिवारी ने इस महाविद्यालय मे 41 वर्ष 09 माह की सेवा दी एवं रघुवंशी ने इस महाविद्यालय को 30 वर्ष 11 माह की सेवाएँ देकर सोमवार को सेवानिवृत होने पर महाविद्यालय परिवार ने भावविहीनी विदाई दी। इस अवसर पर जिसमें डॉ. बृजकिशोर तिवारी, प्राचार्य एवं हरवीर सिंह रघुवंशी, को अभिनंदन पत्र प्रदान करते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यों, सेवा का एवं गुणों पर प्रकाश डालते हुए सेवानिवृत होने पर विदाई की गई जिसमें पुस्तकालय एवं क्रीडा विभाग का स्टॉफ डॉ.



राजीव सक्सेना, डॉ. राजीव चतुर्वेदी,डॉ. राजेश दिवाकर, डॉ. नरेन्द्र सिंह जाट, मनोज शुक्ला, शैलेन्द्र शर्मा नरेन्द्र वर्मा, श्रीमति मीता श्रीवास्तव, दीपक रघुवंशी, जोनू कुशवाह, कमलेश मांझी, राजेन्द्र पहाडिया, विनोद रजक, प्रदान मराठा, सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

राशन दुकान बदलने की मांग, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा आवेदन

चांचौड़ा। ग्राम रूपाखेड़ी के ग्रामीणों ने राशन वितरण में आ रही परेशानियों को लेकर एसडीएम को आवेदन सौंपकर राशन दुकान बदलने की मांग की है।आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें लखनवास स्थित राशन दुकान से गेहूं लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान उनके गांव से काफी दूर है, जिससे आने-जाने में समय और परेशानी दोनों होती हैं। कई ग्रामीणों को निर्धारित मात्रा में पूरा राशन नहीं मिलने की शिकायत भी बताई गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि लखनवास की राशन दुकान को हटाकर तेलीगांव स्थित राशन दुकान केंद्र से राशन वितरण की व्यवस्था की जाए। इससे रूपाखेड़ी सहित आसपास के ग्रामीणों को राशन लेने में सुविधा होगी।आवेदन में ग्रामीणों ने प्रशासन से उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। आवेदन पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी किए गए हैं

कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का शुभारंभ, पोषण के प्रति किया जागरूक



चाचौड़ा। शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में मंगलवार को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रानी शाक्य के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 1 से 7 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री विनोद कुमार छारी ने छात्राओं को पोषण के महत्व और संतुलित आहार के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए पौष्टिक एवं संतुलित भोजन को आवश्यक बताया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रानी शाक्य ने भी छात्राओं को पोषण के प्रति जागरूक करते हुए व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और बेहतर जीवनशैली के लिए पोषणयुक्त आहार के साथ खान-पान की सही आदतें अपनाना जरूरी है।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ. गोरेलाल बिसोरिया, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

कलेक्टर ने दो जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की




गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दो जरूरतमंद आवेदकों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। हनुमान कॉलोनी निवासी गीता जैन ने अपने पति के उपचार के लिए आर्थिक सहायता का आवेदन प्रस्तुत किया था। इसी प्रकार गुना निवासी रिजा खान ने अपनी पढ़ाई के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। दोनों आवेदनों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने दोनों हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला

जो प्राप्त है वही पर्याप्त, इस सूत्र को सुखी जीवन का आधार बनाएं: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रिय शिष्य महान तपस्वी बुंदेली महाकवि औजस्वी वक्ता मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत अच्छे दिन कैसे आएं इस विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा वर्तमान में आदमी अपने से सामने वाले को देखकर दुखी हो रहा है। सारी दुनिया ऊंचा उठने के लिए अनुचित साधनों को अपना कर भी सुखी नहीं हो पा रही है। मुनिराज ने कहा दुनिया में चार परिवार प्रकार के लोग होते हैं पहले वह हैं जिनके पास कुछ नहीं है वह खुश भी नहीं हैं इस श्रेणी में गरीब भिखारी आते हैं। दूसरे वह लोग हैं जिनके पास कुछ नहीं है वह खुश हैं इस श्रेणी में साधु एवं मुनिगण के साथ ही मजदूर आते हैं जो दिनभर मजदूरी कर खुश रहते है। तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जिनके पास सब कुछ है और वह खुश हैं इस श्रेणी में वे लोग आते हैं जो धनवान है और नियम धर्म से चलकर जीवन यापन पन कर रहे हैं और खुश हैं। इस श्रेणी में गिने चुने लोग ही आते हैं। चौथी श्रेणी में वह लोग आते हैं जिनके पास बहुत कुछ है मगर है खुश नहीं है, सुखी नहीं है। इस श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अति महत्वाकांक्षी हैं। सामने वाले की बराबरी करना चाहते हैं। मुनिराज ने उदाहरण देते हुए कहा एक व्यक्ति अपने से आगे वाले को देखकर इसलिए दुखी था उसके पैरों में हजारों के जूते हैं वह व्यक्ति थोड़े आगे बढ़ा तो उसे एक ऐसा व्यक्ति मिला जिस जिसके पैर ही नहीं थे। आपने कहा सुखी रहने के लिए अपने से नीचे वाले को देखो।

नीचे वाले को देखने से हमें इस बात का संतोष होगा कि हमें जो मिला है वह ही पर्याप्त है। हमें जो मिला है उसका आनंद लो जो नहीं मिला है उसके लिए दुखी मत होओ। आपने प्रवचन करते हुए कहा हमें जो मिला है उसका स्वाद नहीं ले रहे हैं। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने प्रवचन के समापन अवसर पर उनके द्वारा लिखित प्रेरणादायी कविता सुनाई कविता का शीर्षक है कभी न कहो अपने दिन खराब है।

फतेहगढ़ पुलिस पर हत्या के मामले में एफआईआर बदलने का आरोप, एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धनोरिया में खेत की मेड़ के पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति की पैर से गला दबाकर निर्मम हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के एक सप्ताह बाद भी उचित कार्रवाई न होने से दुखी पीड़ित परिवार सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। परिजनों ने एसपी को आवेदन देकर फतेहगढ़ पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की गुहार लगाई। एसपी ऑफिस पहुंचे मृतक के भाई सतीश धाकड़ निवासी धनोरिया ने बताया कि गत 24 अगस्त की सुबह करीब 9-10 बजे उनके बड़े भाई पप्पू धाकड़ गांव में गणेशलाल के मकान के चबूतरे पर बैठे थे। इसी दौरान खेत की मेड़ के पुराने विवाद को लेकर गांव के ही रामस्वरूप धाकड़ और रामकुमार धाकड़ वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ता देख पप्पू की पत्नी पुष्पाबाई, मां आनंदीबाई, बेटियां सकीना व सपना तथा घर की छत से ओमवती धाकड़ मौके पर पहुंचीं। परिजनों के मुताबिक, आरोपी रामकुमार ने पप्पू के हाथ पकड़े और रामस्वरूप ने उन्हें चबूतरे से नीचे पटककर उनकी गर्दन पर पूरी ताकत से पैर रख दिया। पैर से गर्दन बुरी तरह दबने के कारण पप्पू की मौके पर ही मौत हो गई।

आरोन के नगरवासियों ने मांस बिक्री पर प्रतिबंध लगाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

भगवान बलराम जयंती 03/सितंबर भगवान लव-कुश जयंती तथा 04/ सितंबर 2026 को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर नगर में हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रायें निकाली जायेंगी। श्रद्धालु पवित्र उपवास भी रखेंगे खुल्लेआम मांस अंडों की बिक्री अथवा गंदगी से धार्मिक भावनाएं आहत न हों, इस लिए सरकार के पूर्व आदेशानुसार मांसाहार विक्रय पूर्णतया प्रतिबंधित रहें, मंदिरों के आसपास सफाई और लाईट की उचित व्यवस्था हो शोभायात्रा के दौरान सड़कों पर ट्राफिक कंट्रोल की उचित व्यवस्था की जावे, तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव जो कि मुख्य रूप से नगर के सभी मंदिरों में रात को मनाया जाता है जहां महिलाओं बच्चों सहित श्रद्धालुओं की भीड़ होती है, वहां सुरक्षा व्यवस्था के प्रभावी इंतजाम किए जायें इसको लेकर सकल हिन्दू समाज विश्व हिंदू परिषद बजरंग तथा सभी उत्सव समितियों के प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा गया।

पंचायत विकास योजना/जीपीडीपी पर सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



पंचायत राज संचालनालय भोपाल एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के निर्देशानुसार 31 अगस्त 2026 को जनपद पंचायत चांचौड़ा के सभाकक्ष में पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) वर्ष 2026-27 को लेकर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत प्रशिक्षण केंद्र, ग्वालियर की टीम द्वारा दिया गया।प्रशिक्षण में सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जनपद पंचायत सीईओ संजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा पूर्व में निर्देश जारी किए गए थे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2026-27 की पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया से पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण में 16वें वित्त आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाओं से जुड़े घटकों और आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही 16वें वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड फंड की निर्धारित सीमा के अंतर्गत पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के नौ महत्वपूर्ण विषयों को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार करने तथा उसे निर्धारित समय-सीमा में पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई।प्रशिक्षण के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के ऑनलाइन ऑडिट कराए जाने संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रतिभागियों को दी गई।

प्रशिक्षण में जिले की संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र ग्वालियर की टीम, बीसी एसबीएम एवं बीसी आरजीएसए सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए जिले में आयोजित की गई ई-विवेचना प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में डिजिटल पुलिसिंग को सशक्त, पारदर्शी और त्वरित बनाने के उद्देश्य से समस्त विवेचकों को ई-विवेचना टैबलेट वितरित किए गए हैं। इस तकनीक के माध्यम से विवेचक अब घटनास्थल पर पहुंचकर मौके से ही सभी आवश्यक प्रपत्र ऑनलाइन भर रहे हैं, जिसके अन्तर्गत जिला अशोकनगर में डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ाबा देने एवं विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिये 21 अगस्त 2026 को सभी थानों की जिला स्तर पर ई-विवेचना प्रतियोगिता रखी गई थी। जिसमें सभी थानों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। उक्त प्रतियोगिता में थाना कोतवाली ने प्रथम स्थान, थाना देहात ने द्वितीय एवं थाना ईसागढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिसके लिये क्रमश निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान थाना प्रभारी थाना कोतवाली, उनि पूनम सेलर थाना प्रभारी थाना देहात एवं उनि मीना रघुवंशी थाना प्रभारी थाना ईसागढ़ को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

थाना स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विवेचक उपनिरीक्षक कमलसिंह पटेलिया (थाना देहात) ,प्र०आर० 434 शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी (थाना चैकी कोतवाली), उ०नि० जूली रघुवंशी (चैकी विक्रमपुर, थाना चन्देरी) ,प्र०आर० 622 पुष्पराज सिंह यादव (थाना बहादुरपुर) ,प्र०आर० 421 रामलखन रावत (थाना सेहराई) , उपनिरीक्षक सोनम यादव (थाना कोतवाली), प्र०आर० 669 प्रदुम्न रावत (थाना कचनार), प्र०आर० 539 पुष्पेन्द्र मिश्रा (थाना मुंगावली), प्र०आर० 377 सूरज हर्षाना (थाना देहात), प्र०आर० 133 राजेन्द्र बघेल (थाना मुंगावली), प्र०आर० 01 अरविन्द मौर्य (थाना मुंगावली) को भी पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिले में ई-विवेचना टैबलेट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने और अन्य विवेचकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उक्त प्रतियोगिता रखी गई थी जिससे अपराध अनुसंधान में पारदर्शिता और गति दोनों सुनिश्चित हो सके।

डिजिटल पुलिसिंग एवं ई-विवेचना के मुख्य लाभ

पारदर्शी अनुसंधान एवं मौके पर प्रविष्टि घटनास्थल पर ही केस डायरी, नक्शा मौका, जब्ती, गिरफ्तारी, नोटिस तामीली, एमएलसी मर्ग पंजीकरण, पीएम फॉर्म एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का मौके पर ही डिजिटल इंद्राज। सीसीटीएनएस से सीधा समन्वय विवेचना संबंधी समस्त प्रपत्र एवं साक्ष्य रियल-टाइम में सीधे पोर्टल पर अपलोड होना। त्वरित कार्रवाई कागजी औपचारिकता के समय में कमी और त्वरित न्याय प्रक्रिया को बल। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित विवेचकों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक डिजिटल पुलिसिंग ही भविष्य की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विवेचकों को ई-विवेचना प्रणाली का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि अशोकनगर पुलिस डिजिटल अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा सके।

फरियादी की रिपोर्ट पर से मारपीट का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चकला बावड़ी चंदेरी निवासी गुड्डी बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि महेश, चन्द्रकला, अनिल और अर्जुन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम देरासा निवासी सोनू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मन्नू नेताजी के घर के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया जिसका नंबर एमपी 67 एमके 2301 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

माह अगस्त में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माह अगस्त में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में माह अगस्त 2026 में सेवानिवृत्त हुए 26 शासकीय सेवकों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में कलेक्टर साकेत मालवीय ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा के रूप में अपने प्रशासन को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शासकीय सेवा में अपने तकनीकी को भी परिवर्तन होते हुए देखा है। शासकीय सेवा वास्तव में आजीविका का साधन नहीं है बल्कि यह सेवा का माध्यम है। सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर से हरवीर सिंह रघुवंशी, हरिराम आदिवासी, राजकुमार भट्ट, सी.एम.एच.ओ. कार्यालय अशोकनगर से विमला बाई ओझा, उषा तिवारी एवं लीला बाई पंवार, जिला कोषालय कार्यालय अशोकनगर से रईस खान, सिविल सर्जन कार्यालय अशोकनगर से काशीराम जाटव, पुरुषोत्तम दास बैरागी एवं बादाम सिंह कुशवाह, ई.ई.पी.डब्लयू.डी. कार्यालय अशोकनगर से अशोक कुमार गुप्ता, तहसील कार्यालय अशोकनगर से बाबूलाल कलावत, डी.आर.सी.एस. कार्यालय अशोकनगर से रामप्रसाद कुमावत, भूमि संरक्षण कार्यालय मुंगावली से मुकेश कुमार रघुवंशी एवं रामदास प्रजापति, बी.ई.ओ. मुंगावली कार्यालय से गजेन्द्र सिंह यादव, खिलान सिंह कुशवाह एवं रफीक अहमद, बी.ई.ओ. चंदेरी कार्यालय से मुन्नालाल ठाकुर, अर्चना त्रिपाठी एवं लतीफी खान पठान, बी.ई.ओ. अशोकनगर कार्यालय से श्याम बाबू यादव, बी.ई.ओ. ईसागढ कार्यालय से राजेन्द्र सिंह रघुवंशी एवं जालम सिंह जाटव, तहसील ईसागढ़ कार्यालय से भगवती चरण शिल्पकार तथा जनपद पंचायत ईसागढ़ कार्यालय से प्रदीप कुमार राजौरिया के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन,जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी, संचालक पेंशन भोपाल से सहायक पेंशन अधिकारी अशोक राणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर ने 148 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 148 आवेदकों ने आवेदन दिए।

जनसुनवाई में ग्राम भडूली निवासी इमरत सिंह द्वारा बटवारा कराये जाने,ग्राम सिरसी पछार निवासी श्यामलाल द्वारा पट्टा अमल कराये जाने,पिपरई निवासी लल्लू ओझा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,अशोकनगर निवासी मनोज शर्मा द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने,ग्राम पिपरौल निवासी जसवंत यादव द्वारा कान की मशीन दिलवाये जाने,ग्राम मारोन निवासी इंदर अहिरवार द्वारा पीएम आवास स्वीकृत कराने,चंदेरी निवासी अजय कुशवाह द्वारा पीएम आवास स्वीकृत कराने,चंदेरी निवासी बालकृष्ण चैबे द्वारा राशन दिलाये जाने,पिपरई निवासी तोफान अहिरवार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कराये जाने,ग्राम सेजी निवासी गजेन्द्र रघुवंशी द्वारा रास्ता खुलवाये जाने,ग्राम सिजावट निवासी पहलवान अहिरवार द्वारा मीटर खराब होने,ग्राम तूमैन निवासी शिवराज अहिरवार द्वारा मक्का फसल नष्ट होने,ग्राम देरखा निवासी जीवनलाल राय द्वारा भूमि समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है।जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जपं सीईओ एवं सीएमओ ने गूगल मीट से जुडकर भाग लिया।

तबीयत बिगड़ी तो प्राइवेट अस्पताल में उपचार हुआ

राजपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र में मरीज को एक्सपायरी डेट की सिरप दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



सिरप काण्ड में पहले भी कई लोगों की मौत प्रदेश में हो चुकी है। उसके बाबजूद भी जिले भर में एक्सपायर डेट की सिरप होने की संभावनाएं राजपुर में मिली एक्सपायर डेट की सिरप से लगाई जा सकती हैं। राजपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र में तैनात कर्मचारी ने एक मरीज को एक्सपाइरी डेट की सिरप पकड़ा दी। बिना देखे उसके परिजनों ने मरीज को पिला भी दी जब उसकी हालत खराब हुई तों उस सिरप को जब गौर से देखा तो तब पता चला कि वह सिरप एक माह पहले एक्सपाइर हो चुकी है। बालिका की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे प्रायवेट डॉक्टर के यहां ले गए जहां उसका उपचार किया गया, जिसके बाद से बालिका स्वस्थ्य है।

लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि सरकारी चिकित्सालयों में यह एक एक्सपायर डेट की दवा क्यों रखी गई है। वहां पर तैनात कर्मचारी क्यों देखकर नहीं दें रहें हैं एक ओर राजपुर में चालीस गांवों के गांव वासी एवं 15 पंचायतों में एक मात्र राजपुर उपस्वास्थ्य केंद्र के भरोसे हैं। लेकिन सही ईलाज नहीं मिलने के कारण उनको मजबूरी में निजी चिकित्सालय के भरोसे इलाज कराना पड़ रहा है। यहां पर स्टाफ की कमी खल रही है। एक ओर राजपुर में नया चिकित्सालय भवन बनकर तैयार है, अब वह भवन ताले में ख़ुद बंद पड़ा है। आस पास गांवों के लोगों को सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

सीमेंट से भरे ट्रक में आग लगी, बड़ी दुर्घटना होते-होते टली

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत घाट बमुरिया ग्राम के समीप से गुजर रहे एक ट्रक में बीती रात अचानक आग लग गई, इस घटना में ट्रक से आग की लपटे उठते हुए देखीं गईं। ट्रक में सीमेंट भरा हुआ था, ड्रायवर और क्लीनर से ट्रक से नीचे कूंदकर अपनी जान बचाई। ट्रक विदिशा से अशोकनगर की ओर आ रहा था तभी चलते हुए ट्रक का एक पहिया पंचर हो गया, जिससे ट्रक सड़क पर घिसटते हुए चला इस दौरान अचानक चिन्गारी से ट्रक में आग लग गई। घटना की सूचना बहादुरपुर पुलिस को मिलने के बाद मौके पर दलकल पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

न्यायालय श्रीमान् चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड मण्डला म.प्र.
(पीठासीन अधिकारी मोहम्मद सैफी)
वि.प्र.क. 192/2023 नियत दिनांक 15.09.20267
प्रो.क्र.- 479/26
1- श्रीमति चित्रा सिंह चौहान पनि श्री नरेन्द्र चौहान आयु 56 वर्ष, निवासी समृद्धि टाउनशीप पौडी महाराजपुर तहसील व जिला मण्डला म0प्र0 2- श्रीमति संध्या सिंह बडगूजर पति संतोष सिंह बडगूजर आयु 62 वर्ष, निवासी ई-डब्ल्यू एम. 73 वार्ड नं. 34 हार्डसिंग बोर्ड कालोनी चंदननगर छिदवाड़ा म0प्र0 .....आवेदकगण/वादीगण
विरुद्ध
1- सुशीला सिंह पत्नि राजाराम सिंह आयु 51 वर्ष निवासी ग्राम मालीमोहगांव तहसील व जिला मण्डला म0प्र0 2- स्वदेश सिंह पिता स्व. राजाराम सिंह आयु 60 वर्ष निवासी मालीमोहगांव तहसील व जिला मण्डला म0प्र0 3- सुशील राज सिंह पिता स्व. राजाराम सिंह आयु आयु 58 वर्ष निवासी मालीमोहगांव तहसील व जिला मण्डला म0प्र0 4- म0प्र0 शासन द्वारा कलेक्टर महोदय मण्डला म0प्र0 कलेक्टर कार्यालय मण्डला तहसील व जिला मण्डला म0प्र0 ..... अनावेदकगण/प्रतिवादीगण
// ईश्तहार / उपस्थिति हेतु समंस //
यह कि आवेदकगण / वादीगण ने न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मण्डला के समक्ष विधिक व्यवहार वाद क्रमांक 192/2023 अनावेदकगण/प्रतिवादीगण के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 व्यव प्रक्रिया संहिता का प्रस्तुत किया है जिसमें अनावेदक क्रमांक 2 स्वदेश सिंह पिता स्व. राजाराम सिंह की उपस्थिति हेतु तलवाना अदा करने पर साधारण एवं रजिस्टर्ड डाक समंस जारी किये जाते रहे है परंतु दिनांक 24.01.2026 तक अनावेदक कमल 2/प्रतिवादी क्रमांक 2 पर साधारण एवं रजिस्टर्ड डाक से समंस की तामिली न होने का दशा में यह आम ईश्तहार के माध्यम से अनावेदक क्रमांक 2 / प्रतिवादी क्रमांक 2 स्वदेश सिंह पिता स्व. राजाराम सिंह को सूचित किया जाता हैं कि आप अनावेदक क्रमांक 2 / प्रतिवादी क्रमांक 2 दिनांक 15.09.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम उपरोक्त विविध वाद में न्यायालय के समक्ष उपस्थिति होवे एवं उक्त नियत दिनांक क अवकाश होने अथवा घोषित किये जाने की दशा में अगले कार्यदिवस में सुनवाई सुनिश्चित की जावेगी। आपकी अनुपस्थिति की दशा में यह न्यायालय आपके विरुद्ध अग्रेसर कार्यवाही सुनिश्चित करेगा । अतः आज दिनांक 18-8-26 खण्ड को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया।
(पीठासीन अधिकारी मोहम्मद सैफी)
न्यायालय श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड मण्डला जिला मंडला म0प्र0

खबर संक्षेप

पंचायत उप निर्वाचन 2026 का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

अशोकनगर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) का निर्वाचन जारी किया गया है। आदर्श आचरण संहिता संबंधित ग्राम पंचायत/निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड के क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। जो निर्वाचन परिणाम की घोषणा होने तक प्रभावशील रहेगी। 31 जुलाई की स्थिति में अशोकनगर जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत अशोकनगर, चंदेरी, ईसागढ़, मुंगावली के रिक्त कुल 375 पंच तथा 01 सरपंच (ग्रापं झीला जपं अशोकनगर) पद का उप निर्वाचन सम्पन्न कराया जाना है। 29 ग्राम पंचायतों में 375 पंचों के पद खाली है।

जन्माष्टमी पर मंदिरों पर होगा श्री कृष्ण पर्व का आयोजन

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी 04 सितम्बर 2026 को एक दिवसीय श्री कृष्ण पर्व गरिमा अनुरूप, धार्मिक तथा पौराणिक मान्यताओ को दृष्टिगत रखते हुए मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री युगल सरकार मंदिर बायपास रोड अशोकनगर, श्री मेघासन मंदिर बायपास पिछोर रोड चंदेरी, श्री गोपाल मंदिर बायपास (मूलाबाई) तालाब के पास ईसागढ़ तथा श्री राधा कृष्ण मंदिर मल्हारगढ़ तहसील मुंगावली में आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही कार्यक्रम की समस्त गतिविधियों के सुचारू एवं संचालन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अशोकनगर, मुंगावली, चंदेरी, एवं ईसागढ़ को नोडल अधिकारी एवं समस्त मुख्य नपा अधिकारी/नगर परिषद जिला अशोकनगर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त गया है।

सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज

अशोकनगर। मुंगावली थाने के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं, पहली घटना बीना मुंगावली रोड़ पर महुआखाड़ी के पास हुई जिसमें शिवकुमार अहिरवार ने उक्त घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्राला क्रमांक आरजे 11 जीवी 6967 के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी। दूसरी घटना में विक्रम कडेरे निवासी खडिया मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार चालक ने चंदेरी मुंगावली रोड पर लापरवाही से चलाकर फरियादी को टक्कर मार दी।

ध्वजारोहण और शपथग्रहण समारोह के साथ हुआ आगाज

70वीं संभागीय टेबिल टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दोपहर 12 संस्कृति विद्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70वीं टेबिल टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह द्वारा ग्वालियर संभाग का ध्वजा रोहण कर किया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन, दीप प्रवजलित कर किया। संस्कृति विद्यालय के बैंड कमांडर आकर्ष जैन और पूरे ग्रुप की धुन पर ग्वालियर संभाग से आई हुई 8 जिलों के 125 खिलाड़ियों और 20 ऑफिसियलों ने मंचाशीन अतिथियों को सलामी देते हुये सुंदर मार्च पास्ट किया.मार्च पास्ट के पश्चात वाणी पाण्डेय द्वारा संभागीय खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गईं, इसके बाद मंचासीन अतिथियों का पुष्प गुच्छ, माला पहनाकर स्वागत किया गया।

नपा अध्यक्ष ने स्टेडियम में टेबिल टेनिस हॉल के निर्माण और हैंडबाल मैदान बनाने की घोषणा



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने अपने खास वक्तव्य में खिलाड़ियों को स्टेडियम में टेबिल टेनिस हॉल के निर्माण एवं हैंडबाल मैदान बनाने की घोषणा की वहीं कार्यक्रम की अध्यक्ष कर रहें पूर्व विधायक जजपाल ने नई पीढ़ी जेन बच्चों से अपने खेल के प्रति ईमानदारी से खेलने और आगे बढ़ने के लिये कमर कसने को कहाँ, खेल प्रतिवेदन वाचन जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज राठौर एवं स्वागत भाषण अरुण रघुवंशी द्वारा किया गया।

3 दिनों तक चलने वाली स्पर्धा में कई मैच खेले गए

इस दौरान स्पर्धा के कई मैच खेले गए यह स्पर्धा 3 दिनों तक आयोजित होगी, अशोकनगर को इस संभागीय 70वी शालेय टेबिल टेनिस खेल स्पर्धा की मेजवानी करने का मौका मिला हैं। जिसमें संभाग के 8 जिलो की टीमें भाग ले रही हैं।

अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए

संस्कृति विद्यालय के डायरेक्टर एवं इंद्रपाल कौर ने मंचशीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं तुलसी के पौधा भेंट कर सम्मान किया, इस कार्यक्रम का संचालन सेवा निवृत प्रहलाद श्रीवास्तव ने किया, कार्यक्रम के समय मंच पर नीरज मनोरिया, न पा. अध्यक्ष, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, सहायक संचालक एनिस जैन, सलिल त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष, धर्मेंद्र रघुवंशी, शशिकान्त भार्गव, संतोष श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर निकली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं पावन जयंती के अवसर पर पिपरई नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में माता-बहनों ने सिर पर कलश धारण कर नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण किया। कलश यात्रा का समापन रामलीला मैदान में हुआ, जहां जयंती समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर भाजपा के समस्त कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेंद्र सिंह यादव शामिल हुए। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, भाजपा मंडल अध्यक्ष, एल्डरमैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने संत रविदास जी के विचारों और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक समरसता, समानता एवं आपसी भाईचारे के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महापुरुष और साधु-संत समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत होते हैं। उनके बताए हुए सत्य और सद्मार्ग पर चलकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता के साथ रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान संत रविदास जी के आदर्शों एवं विचारों पर चलने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के अंत में चंदन सिंह कलावत द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों व नगरवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

घर-घर जांच, फॉगिंग और चालानी कार्रवाई शुरू

डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए नपा और स्वास्थ्य विभाग का कड़ा रुख



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में मानसून के आगमन के साथ ही जलजमाव और संक्रामक बीमारियों के खतरे को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। डेंगू, मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद अशोकनगर एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहर भर में व्यापक सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

घर-घर जाकर की जा रही लार्वा की जांच स्वास्थ्य और प्रशासनिक दल की संयुक्त टीमें शहर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर जलभराव वाले स्थलों का बारीकी से निरीक्षण कर रही हैं। टीम द्वारा घरों में रखे पुराने बर्तनों, खुले पड़े टायरों, कूलरों, छतों और पानी की टंकियों की विशेष जांच की जा रही है। जहां भी मच्छर का लार्वा पनपता पाया जा रहा है, उसे तत्काल नष्ट कराया जा रहा है और गृह स्वामियों को स्वच्छता बनाए रखने की हिदायत दी जा रही है।

फॉगिंग और कीटनाशक पाउडर का छिड़काव जारी मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका द्वारा पूरे शहर में दैनिक आधार पर फॉगिंग मशीनें चलाई जा रही हैं। इसके साथ ही नालियों, जलभराव वाले स्थानों और संवेदशील इलाकों में मच्छर रोधी पाउडर तथा एंटी-लार्वा रसायनों का बड़े पैमाने पर छिड़काव किया जा रहा है।

खाली प्लॉट मालिकों पर सख्त रुख, जारी होंगे चालानः भियान के दौरान जिन खाली पड़े प्लॉटों में बारिश का पानी भरा पाया जा रहा है और जहां मच्छरों के पनपने की संभावना बनी हुई है, उनके मालिकों के खिलाफ नगर पालिका सख्त रुख अपना रही है। ऐसे सभी लापरवाही बरतने वाले प्लॉट मालिकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे अपने घर के आसपास पानी न जमा होने दें। कूलर और टंकियों की नियमित सफाई करें, क्योंकि थोड़ी सी सतर्कता ही शहर को डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रख सकती है।



महिलाओं ने समारोह में सामग्री का वितरण किया

अशोकनगर। लव-कुश जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शहर में निकाले गए भव्य चल समारोह का पछाड़ीखेड़ा रोड पर भव्य स्वागत किया गया। इंटरनेशनल लायंस क्लब हेल्पिंग हैंड अशोकनगर के तत्वावधान में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में केलों का वितरण किया गया। जैसे ही चल समारोह पछाड़ीखेड़ा रोड पहुंचा, लायंस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का अभिनंदन किया। इसके पश्चात स्टॉल लगाकर चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं और आमजनों को केले बांटे गए। इस सेवा कार्य का सफल संचालन क्लब अध्यक्ष लायन संतोष चंदेल, उपाध्यक्ष लायन किरण कुशवाहा एवं नैना शर्मा की अगुवाई में हुआ। क्लब अध्यक्ष संतोष चंदेल ने बताया कि धार्मिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए संस्था हमेशा ऐसे सेवा कार्यों में अग्रणी रहती है। इस दौरान क्लब के कई सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे। क्या आप इसमें किसी मुख्य अतिथि का नाम या फोटो की कोई लाइन जुड़वाना चाहते हैं।

शव को लेकर ग्रामीणों को करना पड़ा संघर्ष

बारिश में कीचड़ बनी मुसीबत, अंतिम यात्रा में भी नहीं पहुंच पाई एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

बारिश का मौसम ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जहां राहत लेकर आता है, वहीं कई गांवों में यही बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। मामला सामने आया है बुडेरा गांव से, जहां बदहाल और कीचड़युक्त सड़क ने एक महिला की मौत के बाद अंतिम यात्रा तक को मुश्किल बना दिया।

बताया जा रहा है कि महिला की मौत के बाद जब एंबुलेंस शव को लेकर गांव पहुंची, तो सड़क की बदहाली और भारी कीचड़ के कारण एंबुलेंस घर तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद ग्रामीणों को शव को लेकर कीचड़ भरे रास्ते पर पैदल ही आगे बढ़ना पड़ा। अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीणों को गिरते-पड़ते और बेहद मुश्किल हालात में शव को लेकर करीब 3 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ा। इस दौरान ग्रामीणों की परेशानी और व्यवस्था की बदहाली साफ तौर पर सामने आई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस रास्ते से गांव के लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय तक पहुंचना पड़ता है, उसी करीब 3 किलोमीटर लंबे मार्ग की हालत इतनी खराब क्यों है?



ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। बारिश के दिनों में यह मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाता है। ऐसे में बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और बीमार लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आपात स्थिति में एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाएं भी गांव के अंदर तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

ग्रामीणों में आक्रोश

महिला की अंतिम यात्रा के दौरान सामने आई इस तस्वीर ने ग्रामीणों के आक्रोश को और बढ़ा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर प्रशासन और ग्राम पंचायत को सड़क की समस्या दिखाई क्यों नहीं दे रही? क्या किसी बड़ी दुर्घटना या गंभीर घटना के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी? एक ओर सरकार गांवों के विकास और बेहतर सड़क व्यवस्था के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर बुडेरा गांव की यह तस्वीर उन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। अब देखना होगा कि महिला की अंतिम यात्रा के दौरान सामने आई इस गंभीर समस्या के बाद ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारी कब तक सड़क की सुध लेते हैं और ग्रामीणों को इस कीचड़ भरे रास्ते से निजात दिलाते हैं। बच्चों को विद्यालय जाने में होती है परेशानी।

मुंगावली में सांड कर रहे हैं आए दिन राह चलते लोगों पर हमला, घायल युवक ने दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

मुंगावली में आवारा सांड के मारने से घायल युवक रामगोपाल पुत्र प्रभुलाल कनखरे निवासी चन्देरी रोड़ को 12 अगस्त को गुर्जर मोहल्ला में आवारा सांड के मारने से 20 दिनों बाद भोपाल के हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। कुछ दिनों पूर्व ही इस सांड के मारने से राकेस ग्वाल उम्र 30 की भी मारने से मौत हो गई थी।



आवारा सांडो का मुंगावली में बहुत ही आतंक है दो घरों के चिराग बुझ जाने के बाद भी नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की कुम्भकर्णी नींद नही खुल रही है नगर के मुहल्ला और सड़को पर आवारा पशुओं के झुंड नजर आते है पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों का ध्यान इस ओर नही जाता है चन्देरी रोड़ अस्पताल के पीछे सेकड़ो आवारा मवेसी रोड़ पर जाम लगाकर बैठे रहते है इनमें से ही दो सांड लोगो को देखते ही मारने को दौड़ते है जिनमें शिकार दो व्यक्तियो की मौत हो गई है।

विश्व हिंदू परिषद ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर के शैक्षणिक संस्थानों के आसपास छात्राओं की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने पुलिस प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों, ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन पत्र सौंपकर निर्भया मोबाइल वैन सेवा को तत्काल पुनः शुरू करने की मांग की।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अशोकनगर के प्रमुख स्कूलों और कोचिंग सेंटरों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्राएं पढ़ाई के लिए आती हैं। पिछले कुछ समय से शहर में



महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग के लिए संचालित होने वाली निर्भया मोबाइल वैन का संचालन बंद पड़ा है। इसका फायदा उठाकर स्कूल-कोचिंग खुलने और छुट्टी होने के समय (सुबह, दोपहर और शाम) मुख्य द्वारों के बाहर असामाजिक तत्वों, मनचलों और शोहदों का जमावड़ा लगा रहता है। यह असामाजिक तत्व छात्राओं पर फब्तियां कसते हैं, तेज आवाज में बाइक दौड़ाते हैं और रास्तों को रोकते हैं। नियमित पुलिस गश्त न होने से छात्राओं और उनके अभिभावकों में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है, जिससे कई बेटियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन सौंपते समय विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अंकित बड़कुल, जिला सह मंत्री अरुण जैन, अमित शर्मा पडरिया, शिवम नामदेव और आशीष बालू मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रमुख मांगें

- बंद पड़ी निर्भया मोबाइल वैन सेवा को तत्काल प्रभाव से दोबारा नियमित चालू किया जाए।
- स्कूलों और कोचिंग सेंटरों के खुलने व छूटने के समय विशेष पुलिस पेट्रोलिंग टीम तैनात हो।
- शैक्षणिक संस्थानों के आसपास खड़े होने वाले मनचलों के विरुद्ध सख्त चेकिंग अभियान चलाकर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर सी.एच. बैरागी हुए सेवानिवृत्त

नगरवासियों ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की पिपरई शाखा में लंबे समय तक कैशियर के पद पर सेवाएं देने वाले सी.एच. बैरागी 31 अगस्त को अपने पद से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर बैंक शाखा में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बैंक स्टाफ एवं ग्रामीणजनों ने उनका माल्यार्पण कर सम्मान किया और उनके कार्यकाल की सराहना की।

विदाई समारोह के पश्चात बैरागी को डीजे साउंड एवं घोड़ा-बग्गी के साथ नगर में भ्रमण कराया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने फूल-मालाओं, श्रीफल एवं शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान बैंक शाखा में उनके द्वारा दी गई सेवाओं और ग्रामीणों के साथ उनके व्यवहार एवं कार्यशैली की सभी ने प्रशंसा की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर सी.एच. बैरागी द्वारा हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। इसमें बैंक कर्मचारियों के साथ ग्रामीण जनों ने भी सहभागिता की। बैरागी की सेवानिवृत्ति पर आयोजित कार्यक्रम में भावुक माहौल देखने को मिला। बैंक स्टाफ एवं नगरवासियों ने उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

सकल हिंदू समाज ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का किया स्वागत

शहर में लव-कुश जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लव-कुश जयंती के अवसर पर कुशवाहा समाज द्वारा विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का सकल हिंदू समाज द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इस शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय लवकुश मंदिर से हुआ जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों ने भाग लिया। इस मौके पर आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं , चल समारोह में समाज की महिलाएं बैण्ड वादन करते हुए नजर आईं, अखाड़े में कर्तव्य भी दिखाए गए। इस दौरान अंदम्य साहस की प्रतीक झांसी की रानी के रूप में सजी बेटियों को भी घोड़े पर बिठाकर निकाला गया। जगह जगह इस चल समारोह का फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया, इस चल समारोह में आकर्षक झांकियां भी आकृषण का केन्द्र थीं एक झांकी में सीता माता का आश्रम और





लवकुश को अश्वमेघ यज्ञ के घोड़े को थामें दिखाया गया तो दूसरी झांकी में भगवान राम के दरबार में लवकुश राम कथा का गायन करते हुए दिखाए गए। इस चल समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं जगह जगह सामाजिक संस्थाओं ने इस चल समारोह का स्वागत किया।



इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश की जयंती के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम, महर्षि वाल्मीकि एवं लव-कुश को नमन एवं वंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि लव-कुश ने अपने पराक्रम और शौर्य से अनेक क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई थी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि लव-कुश जयंती हमें अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने का अवसर देती है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करेंगे तथा हमारे प्राचीन गौरव और संस्कृति को आगे बढ़ाएंगे।

शोभायात्रा के स्वागत अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह, रजक समाज अध्यक्ष राकेश रजक, सकल हिंदू समाज जिला उपाध्यक्ष विकास जैन बल्ली, रामकिशन रजक, दयालु शाक्य, शाक्य समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, पार्षद सलिल त्रिपाठी, दिनेश कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, धाकड़ समाज युवा अध्यक्ष बलवीर सिंह धाकड़, मातृशक्ति से कल्पना नामदेव, अशी चैहान, हर्ष शर्मा, नरेश गुर्जर, जगदीश धाकड़ सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सकल हिंदू समाज द्वारा किए गए स्वागत से समाजजनों में हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा।

8 सितंबर से भरे जाएंगे नामांकन फार्म, 29 सितंबर को होंगे मतदान

पंचों के 877 एवं सरपंच के 2 रिक्त पदों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में जनपद पंचायत राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, जीरापुर, सारंगपुर एवं नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायतों के तहत रिक्त 877 पंच पदों तथा जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायत ढाबला एवं जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत सुल्तानिया में रिक्त सरपंच पद के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 31 अगस्त 2026 से संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील की गई है।

8 सितंबर से भरे जाएंगे नामांकन फार्म

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार रिक्त पदों के लिए 8 सितम्बर, 2026 से नामांकन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम एवं आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उपनिर्वाचन तक जिले में निषेधाज्ञा हुई लागू

मतदान कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्रांतर्गत संबंधित ग्राम पंचायतों एवं निर्वाचन क्षेत्रों में निषेधाज्ञा आदेश जारी होने की तिथि से निर्वाचन परिणामों की घोषणा तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति जनपद पंचायत की सीमा के अन्दर समूह या राजनैतिक या गैर राजनैतिक दल या अन्य आम सभा जुलूस या प्रदर्शन बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के नहीं करेगा और न ही किसी भी प्रकार का धरना या घेराव करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के घातक हथियार जैसे चाकू, लौहे की छड, तलवार, लाठी बल्लम, बरछी, फरसा, गंडासा आदि का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकेगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के आग्नेय शस्त्रों का प्रदर्शन व उपयोग नहीं कर सकेगा न ही आग्नेय शस्त्रों का अपने आधिपत्य में रख सकेगा। कोई भी व्यक्तिध्दल सम्पत्ति की स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि से आने वाली निजी सम्पत्ति को स्याही, खडिया, पेंट, चूना आदि से या अन्य लिखकर या चिन्हित करके विरूपित नहीं कर सकेगा। अपने पोस्टर दीवालों, सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाकर नारे लिखवाकर पेंटिंग आदि कराकर सार्वजनिक सम्पत्ति को विरूपित नहीं कर सकेगा। सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर ध्वनि विस्तारक यंत्र, माईक, लाउड स्पीकर आदि का प्रयोग वर्जित रहेगा। किसी भी परिस्थितियों में लाउड स्पीकर रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे के बीच उपयोग नहीं किया जाएगा।

यह है पूरा चुनाव कार्यक्रम

कार्यक्रम	तारीख
नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तारीख	15-09-2026
नाम निर्देशन पत्रों की जांच	16-09-2026
नाम वापसी की अंतिम तारीख	18-09-2026
चुनाव चिन्हों का आबंटन	18-09-2026
मतदान	29-09-2026
मतगणना(पंच हेतु)	29-09-2026
मतगणना(सरपंच हेतु)	03-10-2026

राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रोटेस्ट मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

उत्तराखंड राज्य में कांग्रेस पदाधिकारी राहुल गांधी पर दर्ज मुकदमे के विरोध में जिला कांग्रेस के नेतृत्व में मंगलवार अपरान्ह मुख्यालय पर प्रोटेस्ट मार्च आयोजित किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में इंका जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहले खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए। यहां से मार्च निकालते हुए सभी कलेक्टोरेट पहुंचे जहां राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उत्तराखंड के हल्दानी में मल्लिकार्जुन खड़गेजी के सार्वजनिक कार्यक्रम से संबंधित मंच को कथित रूप से गंगाजल से धोकर '"पवित्र"' किए जाने की घटना सामने आई। यदि किसी व्यक्ति को केवल उसकी जाति के कारण मंच पर आने से मंच के "अपवित्र" होने की बात कही गई है, तो यह सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और संविधान की मूल भावना पर सीधा प्रश्न खड़ा करता है। जब राहुल गांधीजी ने आवाज उठाई तो उन पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ ने राष्ट्रपति से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड सरकार को संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और कानून के निष्पक्ष पालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं तथा संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच एवं कानून के अनुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस पार्टी दलित, आदिवासी, पिछड़े और वंचित समाज के सम्मान की लड़ाई हमेशा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से लड़ती रहेगी। संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और सामाजिक न्याय से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा।

धरणीधर जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा महाआरती और भंडारे का भी होगा आयोजन

नरसिंहगढ़। धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान श्री धरणीधर जयंती आज धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसअवसर पर ग्राम बैरसिया में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज जनों ने बताया कि इस मौके पर सुबह दस बजे हाट बाजार से शोभायात्रा निकाली जाएगी। वही दोपहर बारह बजे महाआरती ओर दोपहर दो बजे भोजन प्रसादी एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सांसद रोडमल नागर, जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मोना सुस्तानी, उपस्थित रहेंगी।

कॉम्बिंग गश्त में दूसरे दिन 7 स्थाई और 18 गिरफ्तारी वारंट तामील



सारंगपुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने, फरार अपराधियों एवं वारंटियों की धरपकड़ और न्यायालयीन आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए राजगढ़ पुलिस द्वारा लगातार कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने लगातार दूसरे दिन कार्रवाई करते हुए 7 स्थाई वारंटी और 18 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। अभियान के दौरान 11 वर्ष से फरार एक स्थाई वारंटी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के नेतृत्व में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। चार अलग-अलग टीमों को लंबे समय से लंबित स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंट सहित अन्य मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया। टीमों ने वारंटियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर 18 गिरफ्तारी वारंट और 7 स्थाई वारंट तामील किए। पुलिस के अनुसार अभियान के तहत अब तक 54 गिरफ्तारी वारंट और 15 स्थाई वारंट, कुल 69 वारंट तामील कराए जा चुके हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि. राहुल रघुवंशी, उनि. राहुल सेंधव, आनंदीलाल भिलाला, प्रधान आरक्षक इरशाद खान, प्रधान आरक्षक हरगोविंद विश्वकर्मा, आरक्षक दीपक मीणा, राहुल सिंह, सत्येंद्र आदि का योगदान रहा।

सार्थक ऐप, फार्मर आईडी और लंबित मानदेय का उठाया मुद्दा

पटवारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन समस्याओं के निराकरण की रखी मांग

1 सितंबर से फार्मर आईडी कार्य से विरत रहने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



मध्यप्रदेश पटवारी संघ शाखा सारंगपुर ने पटवारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मंगलवार को एसडीएम जय सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर को भेजा गया। संघ ने शासन स्तर पर पूर्व में उठाई गई समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है।

ज्ञापन में सार्थक ऐप पर जीपीएस आधारित उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर आपत्ति जताई गई। संघ ने कहा कि पटवारियों को फील्ड कर्मचारी अथवा कार्यालयीन कर्मचारी के रूप में स्पष्ट किया जाए। यदि पटवारी फील्ड कर्मचारी हैं तो प्रतिदिन जीपीएस लोकेशन आधारित उपस्थिति व्यवहारिक नहीं है। महिला पटवारियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए संघ ने निजता के अधिकार का भी हवाला दिया और लोकेशन आधारित उपस्थिति व्यवस्था पर पुनर्विचार की मांग की। फार्मर आईडी के संबंध में संघ ने बताया कि अधिकांश किसानों की आईडी बनाई जा चुकी है, लेकिन आधार से मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने सहित अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण शेष किसानों की आईडी बनाने में परेशानी आ रही है। संघ ने इस कार्य में पटवारियों को अनावश्यक नोटिस अथवा आर्थिक दंड जैसी कार्रवाई से बचाने की मांग की। इसके अलावा लघु सिंचाई संगणना वर्ष 2015-16 तथा कृषि संगणना वर्ष 2010-11 एवं 2015-16 के लंबित मानदेय का भुगतान करने की मांग की गई। स्वामित्व योजना का कार्य लगभग पूरा होने के बावजूद नियमानुसार मिलने वाला 7,500 मानदेय लंबित होने की बात भी ज्ञापन में कही गई। संघ ने चेतावनी दी कि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर 1 सितंबर 2026 से राजगढ़ जिले के पटवारी फार्मर आईडी बनाने के कार्य से विरत रहेंगे।

आगामी रणनीति संघ के आह्वान पर तय की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार कपिल शर्मा, कस्बा पटवारी शहजाद खान, आशीष पांडे, कन्यालाल फुलेरिया, अतुल सक्सेना, बिपुल सक्सेना सहित पटवारी संघ मौजूद थे।

राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों पर लगी रोक

अगली सुनवाई पर न्यायालय आगे करेगा विचार

राजगढ़। राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू की मुश्किल कम होने की बजाय बढ़ती ही जा रही हैं। निर्वाचन के समय उनके द्वारा घोषित चल-अचल संपत्ति के संबंध में चल रही जांच चल रही थी कि अब इंदौर हाईकोर्ट ने भी उनके संबंध में एक अलग फैसला सुनाया है। एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि कांग्रेस नेता अनिल जैन की याचिका पर न्यायालय ने साहू के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाई है। अब मामले की अगली सुनवाई में प्रतिवादियों का पक्ष सामने आने के बाद न्यायालय इस मामले पर आगे विचार करेगा।

प्रकाशित नहीं हुआ था गजट नोटिफिकेशन

नगर परिषद राजगढ़ के मतदाता अनिल जैन ने न्यायालय में याचिका दायर कर विनोद साहू के नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में कार्य करने को चुनौती दी गई। याचिका में अध्यक्ष के पद पर बने रहने के अधिकार पर सवाल उठाया गया है। याचिकाकर्ता जैन की तरफ से एडवोकेट ने उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में पक्ष रखा कि साहू के निर्वाचन परिणाम की मप्र नपा अधिनियम 1961की धारा 45 के तहत आवश्यक राजपत्र (गजट नोटिफिकेशन) जारी नहीं हुआ था। अधिवक्ता हर्षवध्रन शर्मा की दलीलों एवं सभी पक्षों पर विचार करते हुए अंतरिम राहत के रूप में हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई तक प्रतिवादी साहू अध्यक्ष पद से प्राप्त वित्तीय शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। न्यायालय ने संबंधित प्रतिवादियों को पंजीकृत डाक के माध्यम से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संदीप एन. भट्ट ने की।

भादो के प्रथम मंगलवार को श्री हनुमान गढ़ी में उमड़ी श्रद्धा, शिखर पर फहराया नया ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

भादो माह के प्रथम मंगलवार को श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। सुबह मंदिर के शिखर पर नए ध्वज का आरोहण किया गया। इसके बाद महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम को संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हुआ। सुंदरकांड के बाद संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। मंदिर को सजाया गया था और दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। भादो के प्रथम मंगलवार के अवसर पर हुए आयोजनों में शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे।

नगर स्थापना से पहले का प्राचीन मंदिर

श्री हनुमान गढ़ी नरसिंहगढ़ की धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान से जुड़ा प्राचीन स्थल है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार मंदिर का निर्माण नगर स्थापना से पहले 16वीं शताब्दी में हुआ था। यहां भगवान हनुमान की ईशान दिशा की ओर मुख किए प्रतिमा विराजमान है, जो मंदिर की प्रमुख विशेषता है। प्राचीन स्थापत्य और लंबे समय से चली आ रही धार्मिक परंपराओं के कारण मंदिर का विशेष महत्व है। वर्षभर यहां श्रद्धालु पहुंचते हैं, जबकि भादो माह और विशेष




पर्वों पर मंदिर में भीड़ बढ़ जाती है। मंगलवार को हुए आयोजनों के दौरान भी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी उपस्थिति रही।

अगले वर्ष 11 हजार दीप जलाने का लक्ष्य

बैजनाथ महादेव मंदिर में सातवां दीपोत्सव 156 सीढ़ियां 5500 दीपों से हुईं रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

सोमवार रात बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव मंदिर में भादो कृष्ण पक्ष की कजरी सतवा तीज के अवसर पर सातवां दीपोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर की 156 सीढ़ियों को 5500 दीपों से सजाया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। शाम से ही मंदिर की सीढ़ियों पर दीप सजाने और प्रज्वलित करने का सिलसिला शुरू हो गया था। मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ एक-एक दीप प्रज्वलित कर भगवान बैजनाथ महादेव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति व्यक्त की। अंधेरा बढ़ने के साथ



सीढ़ियों पर सजे हजारों दीपों का दृश्य बेहद मनमोहक नजर आया।

1100 दीपों से शुरू हुआ था दीपोत्सव

बैजनाथ महादेव मंदिर में दीपोत्सव का आयोजन लगातार सातवें वर्ष किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 1100 दीपों से हुई थी। इसके बाद हर वर्ष दीपों की संख्या बढ़ाई गई। पिछले वर्षों में 2100, 3100, 4100 और 5100 दीपों से मंदिर की सीढ़ियों को रोशन किया गया। इस वर्ष 5500 दीप प्रज्वलित किए गए। आयोजकों ने बताया कि दीपोत्सव को और भव्य रूप देने के लिए अगले वर्ष 11 हजार दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है।

जिले के 2569 विद्यार्थियों को लेपटॉप खरीदने मिली राशि



राजगढ़। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत शासन द्वारा कक्षा 12 में उत्कृष्ट अंक पाने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप खरीदने 25 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। इसी कड़ी में राजगढ़ जिले के 2569 विद्यार्थी योजना के दायरे में आए हैं। मंगलवार को राजधानी के कुशभाऊ ठाकरे अंतराष्ट्रीय सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान सभी पात्र विद्यार्थियों के खातों में 25-25 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित करवाई गई। उक्त आयोजन हेतु जिले के सभी ब्लॉकों से 50 विद्यार्थी भोपाल ले जाए गए थे जहां उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। लेपटॉप के लिए शासन की योजना से मिली राशि पाकर सभी बच्चे खासे उत्साहित देखे गए। उल्लेखनीय है कि अगर किसी विद्यार्थी को ज्यादा रैम या अत्याधुनिक लैपटॉप चाहिए तो वो उक्त 25 हजार की राशि में अपनी राशि एड कर उसे ले सकता है।

ठेकेदार की लापरवाही से घरों में घुस रहा गंदा पानी, जनप्रतिनिधियों से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

तालाब रोड पर बनाई जा रही पक्की नाली के निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए वार्ड नंबर 2 निवासी राजेश्वर पिता मोहर सिंह ने लिखित शिकायत की है। शिकायत में बताया गया कि ठेकेदार द्वारा नाली का निर्माण बिना सही लेवल और ढलान के किया गया है। नाली की गहराई और चौड़ाई कम होने तथा निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी उल्टा बहकर लोगों के घरों में घुस रहा है। इससे घरों में कीचड़ और गंदा पानी जमा होने से रहवासियों को परेशानी के साथ बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार ठेकेदार को कई बार मौखिक रूप से समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक सुधार नहीं किया गया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मौके का निरीक्षण करवाकर नाली को सही लेवल व ढलान के साथ दोबारा बनवाने के निर्देश देने की मांग की है।





इनका कहना है...

मामला मेरे संज्ञान में आया था। मैंने इंजीनियर को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करवा दिया है। वर्तमान में काम सही तरीके से किया जा रहा है।

समन्दर सिंह चौहान
सीएमओ, नगर परिषद कुरावर

दो साल पहले भी की थी शिकायत अब तक नहीं हुई सुनवाई

तालाब रोड पर पक्की नाली निर्माण में लापरवाही के चलते गंदा पानी घरों में घुसने की समस्या को लेकर रहवासी सुनिल राजपूत, अरविंद राजपूत, रामस्वरूप वर्मा, रामप्रसाद धनगर, अमंतिबाई, कांताबाई आदि ने शिकायत की है। शिकायतकर्ता राजेश्वर पिता मोहर सिंह, निवासी वार्ड नंबर-2, तालाब रोड कुरावर ने बताया कि ठेकेदार द्वारा नाली का निर्माण सही लेवल और ढलान के बिना किया गया है, जिसके कारण नाली का गंदा पानी उल्टा बहकर घरों में घुस रहा है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि करीब दो वर्ष पहले भी उन्होंने इस समस्या को लेकर एसडीएम नरसिंहगढ़ और नायब तहसीलदार कुरावर को शिकायत की थी, लेकिन इसके बावजूद आज तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ। वर्तमान में भी घरों में कीचड़ और गंदा पानी जमा होने से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने विधायक से मामले का मौके पर निरीक्षण करवाकर नाली का निर्माण सही लेवल और ढलान के साथ करवाने तथा जिम्मेदार ठेकेदार को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 1 से 14 सितंबर तक होगा साक्षरता पखवाड़ा



सारंगपुर। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के आदेश तथा जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी केएन गुप्ता के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 14 सितंबर तक साक्षरता पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में विकासखंड के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के एक-एक शिक्षक तथा संकुल सह-समन्वयकों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी केएन गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर असाक्षर व्यक्तियों का डोर-टू-डोर चिन्हांकन कर ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। साथ ही कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को 'अक्षर साथी' के रूप में चिन्हांकित कर उनका पंजीयन किया जाएगा। इस दौरान बीआरसीसी बीएल वर्मा ने बताया कि अक्षर साथियों के माध्यम से नियमित रूप से साक्षरता कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। असाक्षरों को साक्षर बनाने वाले अक्षर साथियों को डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। विकासखंड सह-समन्वयक साक्षरता नरसिंह शर्मा ने बताया कि पखवाड़े के दौरान साक्षरता रैली, नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन, चैपाल, जागरूकता कैंप सहित विभिन्न गतिविधियां होंगी। इनमें एनसीसी, एनएसएस, शिक्षित दीदियों, सामाजिक संस्थाओं एवं स्व-सहायता समूहों के शिक्षित कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाएगा। बैठक का संचालन बीएसी जगदीश शर्मा ने किया। आभार उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय ने माना।